तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद शहर के रेलवे स्टेशन, मॉल में बीडीएस की टीम ने की पड़ताल

4



## खबर संक्षेप

### नगर में यूनिटी मार्च का आयोजन आज

**कोरबा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लौह पुरुष एवं देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर नगर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ 13 नवम्बर यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जागृत करना है। राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह,, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम विभाग लखन लाल देवांगन, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं, माय भारत, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट्स एवं गाइड्स, विभिन्न खेल संघ, खिलाड़ी एवं जिले के स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राएं इस एकता यात्रा में शामिल होंगे। यूनिटी मार्च का शुभारंभ प्रातः 9 बजे 15 ब्लॉक स्थित पटेल सामुदायिक भवन से किया जाएगा।

### मतदाता सूची के सम्बंध में दावा आपत्ति 19 नवंबर तक

**कोरबा।** सूर्योदय खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्यादित अयोध्यापुरी के मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को किया गया है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूर्योदय खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्यादित अयोध्यापुरी वार्ड क्र. 48 पंजीयन क्रमांक 248 से प्राप्त जानकारी अनुसार जारी मतदाता सूची के सम्बंध में सदस्यों से दावा आपत्ति 19 नवंबर तक मंगाया गया है। किसी सदस्य को आपत्ति होने पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति श्रीमती गुरबारी बाई साहू को कार्यालयीन समय पर समिति कार्यालय अथवा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उप पंजीयक में प्रस्तुत कर सकते है। सूची पर प्रस्तुत आपत्तियों का निराकरण 20 नवम्बर 2025 को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। साथ ही उपान्तरित सूची को अंतिम मतदाता सूची के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

### डीईएसआई कोर्स हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कृषि विभाग कोरबा द्वारा वर्ष 2025-26 में एक वर्षीय डिप्लोमा इन एग्रिकल्चरल एक्सटेन्शन सर्विस फार इनपुट डीलर्स (डीएईएसआई) कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है साथ ही शासन द्वारा निर्धारित शुल्क अभ्यर्थी को जमा करना होगा। डिप्लोमा कोर्स हेतु व्यापारियों को प्राथमिकता दी जायेगी। डिप्लोमा कोर्स करने के पश्चात अभ्यर्थी खाद, बीज एवं कीटनाशक लॉईसेंस प्राप्त करने हेतु पात्र होंगे। उत्तीर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय हेतु स्वयं के व्यवसाय प्रारंभ कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी कोर्स करने हेतु कार्यालय उप संचालक (कृषि) कोरबा में संपर्क कर आवेदन कर सकते है।

### खिलते फूल मॉड्यूल किया गया शुरू

**कोरबा।** प्रारंभिक बाल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बालको ने खिलते फूल मॉड्यूल भी शुरू किया, जो 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक मार्गदर्शिका है। अभियान के दौरान चैंपियन मदर, सर्वश्रेष्ठ नंद घर (उपस्थिति के आधार पर), सर्वश्रेष्ठ किचन गार्डन, सर्वश्रेष्ठ पोषण बाड़ी और सक्रियतम आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसी श्रेणियों में सम्मान भी प्रदान किए गए।

# अब खेतों में फसल का उत्पादन मापने पहुंच रही अधिकारियों की टीम

## राज्य सरकार तैयार कर रही है प्रति एकड़ उत्पादन का आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अब फसल उत्पादन का डाटा तैयार करने का काम राज्य सरकार ने शुरु कर दिया है। एक एकड़ में कितने क्विंटल धान का उत्पादन होता है इसकी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कृषि विस्तार अधिकारी, बीमा कंपनी के अधिकारी के साथ हल्का पटवारी की टीम गांव गांव पहुंचकर प्रत्येक खेत से धान के औसत उत्पादन का आंकड़ा ले रही है।

फसल लगाने के पूर्व राजस्व विभाग के मैदानी अमले के द्वारा इस बार डिजिटल गिरदावरी की गई थी। इस गिरदावरी में किस खेत में कौन सी फसल ली गई है इसकी जानकारी जुटाने गांव गांव किसानों के खेतों में पहुंचा गया था और अब फसल कटाई के समय एक एकड़ खेत में कितने क्विंटल धान का उत्पादन हुआ है इसके औसत उत्पादन का डाटा तैयार करने का काम सरकार ने शुरु किया है। इसके लिए कृषि विस्तार अधिकारी फसल बीमा कंपनी के अधिकारी व क्षेत्र के हल्का पटवारी की संयुक्त टीम बनाई गई है जो खेतों में पहुंचकर धान के फसल का आंकड़ा ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- हल्का पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और बीमा कंपनी के अधिकारी हैं टीम में शामिल



**ली जा रही जानकारी**

फसल कटाई का समय शुरु हो चुका है जिसके लिए किसानों के खेत में पहुंचकर कटाई के दौरान एक एकड़ में कितने क्विंटल धान का उत्पादन हो सकता है उससे औसत उत्पादन की रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके लिए विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जानकारी ले रही है।

**- डी पी एस कंवर**, उप संचालक कृषि

**ऐसे ले रहे हैं फसल उत्पादन का आंकड़ा**

विभागीय अधिकारी किसानों के खेत में पहुंचकर 5 गुणा 5 मीटर क्षेत्र में धान की कटाई कर उसकी मिसाई कर उससे निकले धान की खेत में ही तौल करते हैं और उस 5 गुणा 5 मीटर क्षेत्र में कितना किलो धान निकला उसका मापन एक एकड़ या 50 डिसमिल के क्षेत्र के हिसाब से करते हैं इससे एक एकड़ में उत्पादित औसत फसल का आंकड़ा तैयार होता है। इस औसत फसल के उत्पादन का डाटा जिला प्रशासन द्वारा शासन को भेजा जाता है और वहां से धान के आयात और निर्यात के लिए केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजी जाती है।

## सैलून से मसाज कर बाहर निकलते ही किया हमला

# तहसीलदारों की युवकों ने की पिटाई



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।





मारपीट में घायल तहसीलदार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार मंगलवार की रात कुसमुंडा आदर्श नगर के एक सैलून में मसाज करा कर जैसे ही बाहर निकले एक दर्जन युवकों ने गाड़ी खड़ी करने के नाम पर तहसीलदार से वाद विवाद करते हुए तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार की जमकर पिटाई कर दी है। जिससे दोनों अधिकारी को गंभीर चोट आई है। जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत सामने आते ही पुलिस की टीम भी हरकत में आई और मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार दीपका के तहसीलदार अमित कुमार केरकेट्टा व अतिरिक्त तहसीलदार अभिजीत राजभुवन मंगलवार की देर शाम अपना काम निपटाकर रात लगभग 9 बजे कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर स्थित एक सैलून में मसाज कराने पहुंचे हुए थे जहां उन्होंने अपनी चार पहिया वाहन स्कार्पियो को सैलून के सामने खड़ा कर दिया था। रात लगभग 10:30 बजे जैसे ही मसाज पूरा हुआ तहसीलदार व अतिरिक्त तहसीलदार दोनों सैलून से बाहर निकले इसी दौरान आदर्श नगर में रहने वाले लगभग एक दर्जन युवक वहां पहुंचे और तहसीलदार अमित केरकेट्टा व अतिरिक्त तहसीलदार अभिजीत राजभुवन को उनकी चार पहिया गाड़ी को सड़क में कैसे खड़ा किए हो करके उनसे वाद-विवाद करने लगे। देखते ही देखते वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि युवकों ने दोनों अधिकारियों की जमकर पिटाई कर दी जिससे दोनों अधिकारियों को गंभीर चोट आई है। मामले की शिकायत पर कुसमुंडा पुलिस ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले एक दर्जन युवकों के खिलाफ धारा 191(2),109,310(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया था। बुधवार की सुबह कुसमुंडा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में सीएमपीड़ीआई कॉलोनी निवासी पुनेश शर्मा उम्र 34 वर्ष पिता स्व सुरेश प्रसाद, आर्दश नगर निवासी पवन पाण्डेय उम्र 25 वर्ष पिता निशिकांत एवं आदर्श नगर कुसमुंडा निवासी प्रीतम सारथी उम्र 39 साल पिता प्रेमलाल सारथी शामिल हैं। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि मामले में फरार चल रहे आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

### एसआईआर कोरबा लोकसभा प्रभारी बूथ लेबल एजेंटों की लेंगे बैठक

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि 13 नवंबर की सुबह 11 बजे कटघोरा विधानसभा क्षेत्र क्र.22 के सभी एजेंटों की आवश्यक बैठक दीपका के ज्योतिनगर शिवधाम में आयोजित किया गया है। जिसके बाद दोपहर 3 बजे पसान में पाली तानाखार क्षेत्र क्र.23 के समस्त बीएलए की बैठक आयोजित है। पसान के बैठक के बाद गौरेला पेण्ड्रा मरवाही विधानसभा की बैठक शाम 6 बजे और 14 नवम्बर को मनेन्द्रगढ़, भरतपुर व बैकुंठपुर विधानसभा की बैठक लेंगे। बैठक को एसआईआर के कोरबा लोकसभा प्रभारी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल संबोधित करेंगे। बैठक में विधानसभा स्तरीय बूथ लेवल एजेंटो के साथ जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, ओबीसी, अल्पसंख्यक, अजा, अजजा प्रकोष्ठ, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधिगण, विधायक, पूर्व विधायक सहित ब्लॉक कांग्रेस, वार्ड, जोन, सेक्टर एवं बूथ पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

# उद्योग मंत्री का पायलेट वाहन हुआ हादसे का शिकार, पुलिस कर्मी सहित 3 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के काफिले का पायलट वाहन नेशनल हाईवे-130 पर धुईंचुंआ के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया। काफिले में आगे चल रही पायलेटिंग स्कॉर्पियो वाहन बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक एएसआई, प्रधान आरक्षक और वाहन चालक को मामूली चोट आयी थी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

जानकारी के अनुसार, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का काफिला रविवार को कोरबा से रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पाली थाना क्षेत्र के ग्राम धुईंचुंआ के पास हाईवे पर एक बाइक में सवार तीन युवक अचानक काफिले के सामने आ गए। सामने चल रही स्कॉर्पियो के चालक ने युवकों को टक्कर से बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। मंत्री के वाहन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए गाड़ी को नियंत्रित कर लिया, जिसके चलते मंत्री लखनलाल देवांगन और उनके साथ बैठे अन्य लोग सुरक्षित रहे। काफिले में पीछे चल रहे अन्य वाहन भी समय रहते रुक गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही पाली थाना प्रभारी एसआई जितेंद्र यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसे में एएसआई दिलीप कुमार शुक्ला, प्रधान आरक्षक आर. विनीत तिर्की और स्कॉर्पियो चालक घायल हुए हैं जिन्हें मामूली चोट आयी है।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में कोरबा बना स्वस्थ जीवन का मॉडल जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वस्थ जीवन का प्रथम आधार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं होती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार और स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में हुए व्यापक सुधारों का परिणाम है कि अब अस्पतालों में पहले जैसी लंबी कतारें अतीत की बात बन गई हैं। आधुनिक मशीनों से सुसज्जित अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि हुई है तथा पर्याप्त दवाएं, बेड और अन्य संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं। प्रत्येक मरीज को समय पर उचित उपचार मिल रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन.केशरी ने जिले के स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी देते हुए बताया ⏭ शेष पेज 14 पर

**खास बातें**

- सरकार के सतत प्रयासों से मजबूत हुई स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियाद
- आधुनिक उपचार से लाभान्वित हो रहे मरीज



**जिला अस्पताल में बेहतर संसाधन, बेहतर उपचार**

जिला अस्पताल में बेड की संख्या 364 से बढ़कर 856 हो गई है तथा चिकित्सकों की संख्या 99 और स्वास्थ्यकर्मी 876, एंबुलेंस सेवाएं 1 से बढ़कर 29, प्रसव सुविधा केंद्र 230 से बढ़कर 333, शिशु मृत्यु दर 62 से घटकर 48 हो गई है। इन उपलब्धियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को न केवल सशक्त बनाया है, बल्कि आम नागरिकों को उपचार के प्रति आत्मविश्वास भी दिया है। जिले में स्व. बिसाहू दास मंहत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय भी संचालित है, जहां विशेषज्ञ अनुभवी चिकित्सकों एवं अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से आमजनों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

### विद्यालयों में पुस्तक पहुंचाने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**रजगामार।** जन चिंतक मंच के संगठन महा प्रमुख अरुण कुमार सरकार ने मंत्रालय में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिसमें शासन द्वारा शासकीय व गैर शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलने वाली पुस्तक वितरण सवाल उठा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ऐसे कई स्कूल है जहां अभी तक शासन द्वारा वितरण किए जाने वाले पुस्तक विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाई है, जो की वास्तविक हम सबके लिए चिंता का विषय है, चूकी लगभग आधा वर्ष बीतने को हो चला है ऐसे में कई स्कूलो पर पुस्तकों का ना पहुंच पाना या विद्यार्थियों तक पुस्तक ना पहुंच पाना छत्तीसगढ़ की शिक्षानीति पर सवाल खड़ा करता है। जन चिंतक मंच ने शिक्षा मंत्री से कहा है कि जिन विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक नहीं पहुंची है वहां जल्द से जल्द पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराएं।

# गेवरा खदान विस्तार को लेकर तीन गांव में ड्रोन सर्वे की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 40 वर्ग किलोमीटर में एसईसीएल की कोल माइंस मौजूद हैं, जबकि उनके आसपास और भी क्षेत्र मं कोयला का विशाल भंडार होने का अनुमान है। इसलिए मिनरल्स एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड का सर्वेक्षण पहले ही हो चुका है। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में अपनी कोयला खदान का दायरा और बढ़ाने के लिए तीन गांव में ड्रोन सर्वे शुरू करने जा रहा है। प्रबंधन द्वारा ड्रोन सर्वे शुरू करने से ग्रामीणों में संशय की स्थिति बनी हुई है। दरअसल पूर्व में किए गए जमीन अधिग्रहण के बाद अब भी रोजगार व मुआवजा के मामले का निपटारा नहीं हुआ है। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र की खदान का विस्तार पहले भी हो चुका है और इस चक्कर में मनगांव और दूसरे क्षेत्र की जमीन अर्जित हो चुकी। इस पूरी प्रक्रिया से प्रभावित लोगों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया गया है, लेकिन उनकी शिकायतें तब से लेकर अब तक खत्म नहीं हो सकी। वर्तमान में एसईसीएल ने खदान विस्तार को और आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत प्रबंधन की ओर से एक पत्र ग्राम पंचायत रलिया, भिलाई बाजार और मुढियानार को जारी किया गया है। इसमें कहा गया कि अर्जुन और विकास अधिनियम 1967 की धारा के अंतर्गत गेवरा क्षेत्र अंतर्गत इन क्षेत्रों का अधिग्रहण करने की सूचना केन्द्र सरकार के राजपत्र में 18 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित की जा चुकी है जिसका क्रमांक 1785 है। एसईसीएल की ओर से प्रशासन की सूचना कलेक्टर को दिए जाने ⏭ शेष पेज 14 पर

**खास बात**

- ग्राम पंचायत रलिया, भिलाईबाजार और मुढ़ियानार में होगा सर्वे



## संकुल समन्वयक को मूल शाला में वापस भेजने का दिए निर्देश

# कलेक्टर के दौरे में स्कूल में कम मिले बच्चे शिक्षक व प्रधानपाठक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई जब कलेक्टर ने अपने ग्रामीण क्षेत्रों के दोरे के दौरान कोरबा विकासखंड के स्कूलों का निरीक्षण किया। शिक्षक और प्रधानपाठक को उनके स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अजीत वसंत कोरबा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गढ़ उपरोड़ा, आश्रित ग्राम कदमझेरिया तथा ग्राम कोराई पहुंचे। उन्होंने यहां स्कूल, आंगनबाड़ी और उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन और नाश्ता वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। गढ़ उपरोड़ा के प्रायमरी एवं माध्यमिक स्कूल में गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं पाए जाने और छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पाये जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संकुल समन्वयक मूल शाला में वापस भेजने और प्रायमरी स्कूल के प्रधानपाठक केशव प्रसाद उरावं और मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक विक्टर लकड़ा को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं कोराई प्राथमिक शाला में गैस सिलेंडर के उपयोग और समय पर ⏭ शेष पेज 14 पर

**खास बात**

- गढ़ उपरोड़ा, कदमझेरिया और कोराई में स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



स्कूल का निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य।

**ग्रामीणों की सुनी समस्याएं**



कलेक्टर अजीत वसंत ग्राम पंचायत गढ़ उपरोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने गाँव में चल रहे प्रधानमंत्री आवास एवं विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए बन रहे पीएम जनमन आवास का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने हितग्राहियों के घर जाकर निर्माणाधीन पीएम आवास और पीएम जनमन आवासों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवासों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने गाँव की महिलाओं से चर्चा करते हुए महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लाभ की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह महतारी वंदन योजना की राशि समय पर प्राप्त होती है, साथ ही उनके राशनकार्ड और आयुष्मान कार्ड भी सक्रिय हैं, जिससे वे शासन की योजनाओं का लाभ उठा रही हैं।

# तीन लाख पुस्तकों में राम नाम लिखने अभियान को दी गति

**कोरबा।** जिले में राम नाम लेखन महायान्न नाम से एक नए अभियान को संचालित किया जा रहा है। अगले महीने से इस पर काम शुरू होगा। 3 लाख राम नाम वाली पुस्तक लोगों को वितरित की जाएंगे। प्रत्येक पुस्तक में 12 हजार से ज्यादा नाम लिखे जाएंगे। इस अभियान को लेकर कार्य योजना तैयार कर दी गई है, जिसके अंतर्गत प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों को हर पुस्तक 5 की कीमत पर उपलब्ध कराई जाएगी। वे अपने स्तर पर इसका उपयोग करने के साथ दूसरों के लिए भी पुस्तक ले सकेंगे। जानकारी के अनुसार कोरबा नगर से लेकर उपनगरीय क्षेत्र और खंड स्तर पर योजना का कार्यान्वयन होगा। गुरु घासीदास जयंती से अभियान की शुरुआत होगी और एक सप्ताह में राम नाम लेखन का कार्य पूर्ण करने के साथ फिर पुस्तकों को जमा कराया जाएगा। बताया गया की 3 लाख पुस्तकों के जरिए लोग तीन खरब 33 करोड़ राम नाम लिखेंगे।

### सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी की ऐतिहासिक उपलब्धि

कोरबा। विद्याभारती मध्यक्षेत्र का नेतृत्व करते अखिल भारतीय वैदिक गणित प्रश्न मंच जो 6 से 9 नवंबर तक जालंधर (पंजाब) में संपन्न हुआ । जिसमें तरुण वर्ग प्रश्न मंच प्रतियोगिता मे आयुष राठौर, गौरव चौहान एवं शुभांशु देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रांत एवं कोरबा महानगर को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक सफलता को प्राप्त कर विजयी भैया अपने विद्यालय का नाम विद्या भारती के शीर्ष पटल पर एक उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में पहचान बनाया। जो विद्यालय के इतिहास में वर्षों तक याद किया जाएगा।

12 korba-pg2_Layout 1 11/13/2025 12:12 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोतमा स्टेशन में कोयले की खुली नीलामी आज

**बिलासपुर।** कोतमा स्टेशन में रखे लगभग 155 टन कोयले की नीलामी कोतमा रेलवे स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में 13 नवम्बर गुरुवार को दोपहर 12 बजे करना सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित किया गया है। इच्छुक पार्टी/पार्टियों को खुली बोली नीलामी हेतु निर्धारित समय व दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लेना होगा व उच्चतम बोली लगाने वाली पार्टी के पक्ष में नियमानुसार नीलामी की जाएगी। नीलामी में क्रय किए गए कोयले के मूल्य का भुगतान 18 प्रतिशत जीएसटी सहित नगद /डीडी के रूप में नीलामी स्थल पर करना होगा व संबन्धित माल को नीलामी तिथि से 10 दिनों के अंदर रेलवे परिक्षेत्र से अपने जोखिम एवं खर्चे पर संबन्धित पार्टी को हटाना होगा। इस संबंध में रेलवे प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की ज़िम्मेदारी का वहन नहीं किया जाएगा

### जिला स्तरीय उद्यमिता कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** रैम्प योजना के तहत छोटे एवं मझोले उद्यमियों के लिए "व्यापक उद्यमिता संवर्धन पहल के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय सेन्सिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उद्योग विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन 13 नवम्बर को सुबह 11 बजे एसेल कस्तूरी अकादमी, राजगुरु कैम्पस, चोरभट्टी कला, कोटा रोड, गनियारी में किया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य जिले के एमएसएमई उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह सदस्यों एवं युवाओं को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, ई-कॉमर्स, ब्रांडिंग, निर्यात और बाजार विस्तार से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यशाला जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं निटकॉन लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए मनोज वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

### करोना चौक तक नाली निर्माण बनी मुसीबत

**बिलासपुर।** जूनी लाइन से करोना चौक तक इन दिनों नाली निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन इस दौरान नियमों को ताक पर रख दिया गया है। रोजाना भीड़ के चलते यहां रास्ता जाम रहता है, वहीं अस्पताल व जांच सेंटरों में पहुंचने वाले लोगों को मशक्कत उठानी पड़ रही है। इस दौरान सड़क पर ही मलबा रख दिया गया है, जिससे जाम की स्थिति विकट हो जाती है।

### रेलवे पेंशन के लिए विशेष कैंप

**बिलासपुर।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सभी जोनल रेलवे में 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उन्हें अपने घर से या अपनी पेंशन वितरण बैंक शाखा से डिजिटल रूप में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में सुविधा प्रदान करना है। इसके तहत मंडल के सेवानिवृत्त रेलकर्मियों एवं उनके परिजन की सुविधा के लिए 28 नवंबर तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें फेस आधारित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट निःशुल्क बनाए जाएंगे। यह कैंप अलग-अलग दिन में ब्रजराजनगर, रायगढ़, उमरिया, चांपा, बिलासपुर के एनई इंस्टीट्यूट, कोरबा, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड, मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में होगा।

---

**समिति प्रबंधक और ऑपरेटरों की हड़ताल जारी** | **शासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जारी किया आदेश**

# राजस्व, कृषि, खाद्य और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों को धान खरीदी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रारंभ होनी है, लेकिन सहकारी समितियों में प्रबंधक, ऑपरेटर सहित सारे कर्मचारी अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। ऐसे में धान खरीदी की कमान चार विभागों के कर्मचारियों को सौंपने की तैयारी है। शासन द्वारा राजस्व, कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वैकल्पिक रूप से धान खरीदी में संलग्न करने के आदेश जारी किए गए हैं।

प्रदेश में पंद्रह नवंबर से धान की खरीदी प्रारंभ होने वाली है, जिसके लिए अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। खरीदी से पहले वृहद स्तर पर तैयारी करनी होती है, लेकिन ऐन मौके पर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी है। इससे पहले कि धान खरीदी की व्यवस्था प्रभावित हो सरकार ने वैकल्पिक रूप से अन्य विभागों को धान खरीदी से जोड़ने की योजना बनाई है। इसके अंतर्गत इस साल राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग मिलकर धान खरीदी की व्यवस्था सम्हालेंगे। जिले में 130 सहकारी समितियां हैं, लेकिन उपार्जन केंद्रों की संख्या 140 है। प्रत्येक समितियों में चार से पांच कर्मचारी पदस्थ होते हैं, जिनमें समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल, विक्रेता एवं भृत्य शामिल हैं। फिलहाल बीते पंद्रह दिनों से सारे कर्मचारी एक साथ हड़ताल पर हैं।

शासन द्वारा कर्मचारियों को काम पर वापसी की लगातार समझाइश देने, लेकिन वापसी नहीं होने के बाद अब वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत चार विभागों के जमीनी स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों को धान खरीदी व्यवस्था की कमान सौंपी जा रही है। शासन स्तर से इस संबंध में आदेश जारी हो चुके हैं, वहीं जिला स्तर पर गुरूवार को धान खरीदी केंद्रवार अधिकारियों व कर्मचारियों की वैकल्पिक सूची जारी कर दी जाएगी।

#### मार्कफेड करेगा कर्मचारियों की व्यवस्था

सहकारी समितियों में समिति प्रबंधक के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भी शासकीय कर्मचारी को ही धान खरीदी प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। इसी तरह कंप्यूटर ऑपरेटर के स्थान पर कर्मचारी की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जाएगी। इसके अंतर्गत मार्कफेड द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के विकल्प के रूप में निजी क्षेत्र से वेंडरों की नियुक्ति करने की तैयारी है। यह व्यवस्था जिले के सभी 140 उपार्जन केंद्रों में रहेगी।

#### की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था

सहकारी समितियों में कर्मचारियों की अनिश्चिकालीन हड़ताल के कारण धान खरीदी प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक तौर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संलग्न किया जा रहा है।

-**संजय अग्रवाल**, कलेक्टर बिलासपुर

#### जारी हो चुके हैं निर्देश

सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राजस्व, कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारी मिलकर धान खरीदी की व्यवस्था सम्हालेंगे। इस संबंध में शासन से स्पष्ट निर्देश जारी हो चुके हैं। धान खरीदी किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होगी।

-**चंद्रशेखर जायसवाल**, उपायुक्त, सहकारिता विभाग

---

**मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें**

# 13 करोड़ की स्वीकृति के बाद भी दो साल में जगह नहीं खोज सके

**बृहस्पति बाजार में मल्टी लेवल बनाने की योजना बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासन के पास न तो पैसे की कमी है और ना ही जगह की। कमी है तो बस इच्छाशक्ति और सोच की। और यही दो चींजें बिलासपुर में बड़े प्रोजेक्ट पर काम नहीं करने दे रही है। अब ताजा मामले में देखिए कि शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना खत्म कर दी गई है। बड़े जोर शोर से बनी इस योजना के साथ सब्जी विक्रेताओं को सपने दिखाए गए थे। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ फंड) से 13 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिल गई थी। ठेका प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी लेकिन निगम दो सालों में इसके लिए जगह ही तय नहीं कर सका। अब योजना फिलहाल बंद हो गई है और अधिकारी इसे नए सिरे से शुरू करने की बात कह रहे हैं।

- बड़ा प्रोजेक्ट तो बना लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया, सुबह से शाम रहता है जाम

अलग खबर

गौरतलब है कि मौजूदा स्थिति में बृहस्पति बाजार में 450 चबूतरे और 30 से ज्यादा गोदामनुमा दुकानें हैं लेकिन, चिल्हर में सब्जी बेचने वालों की संख्या 600 से ज्यादा है। ऐसे में इन्हें बाजार के बाहर सड़क किनारे अस्थायी सब्जी दुकान लगानी पड़ती है। इसी तरह ऐसे भी सब्जी बेचने वाले हैं, जिन्हें दुकान लगाने के लिए जगह तक नहीं मिल पाती। ऐसे में इन्हें फेरी लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सब्जी खरीदने पहुंचने वालों को भी अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। इस तरह की दिक्कतों को देखते हुए ही डीएमएफ फंड से मल्टी लेवल सब्जी बाजार निर्माण का निर्णय लिया गया था। इसके बाद लेकिन सब कुछ कागजों में ही रह गया।





बृहस्पति बाजार के बाहर खड़े वाहन।

#### सुबह से शाम तक जाम की स्थिति

गौरतलब है कि बृहस्पति बाजार शहर का प्रमुख सब्जी बाजार है। ऐसे में यहां सुबह से भीड़ लग जाती है। पार्किंग की कोई खास व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर ही लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। सब्जी वाले भी सड़क पर सब्जी बेचते हैं। इसके साथ ही फलवालों के ठेले भी सड़क को घेर लेते हैं। इसकी वजह से हमेशा जाम की स्थिति रहती है। इसके साथ ही फल ठेले वालों के लिए भी कोई जगह सुनिश्चित नहीं है। इसकी वजह से उन्हें सड़क पर ठेले लगाने पड़ते हैं। बृहस्पति बाजार होने की वजह से उन्हें भी यहां पर फल ठेला लगाना होता है। छत्तीसगढ़ स्कूल चौक से फल ठेला लगने लगते हैं, जो मिशन स्कूल होते हुए देवकीनंदन स्कूल तक लगते हैं।

#### मिशन स्कूल प्रबंधन ने जगह नहीं दी

जोर शोर से बनी इस योजना के तहत बृहस्पति बाजार के पुर्नविकास और कायाकल्प करने के लिए यहां व्यवसाय कर रहे सब्जी विक्रेताओं को निर्माण तक के लिए पास में ही मिशन स्कूल मैदान में अस्थायी बाजार बनाकर देने की बात थी। व्यपारियों के शिफ्टिंग के पहले स्कूल मैदान में 224 चबूतरों का निर्माण करने की योजना बनी। शेड भी लगाया जा रहा था ताकि बारिश और धूप से बचा जा सके। अस्थायी टायलेट और पानी की व्यवस्था भी हो रही थी लेकिन मिशन स्कूल प्रबंधन ने जगह देने से मना कर दिया। इस कारण सब्जी व्यापारियों की शिफ्टिंग नहीं हो सकी और निगम को दूसरी जमीन भी नहीं मिली।

#### इस तरह था पूरा प्रोजेक्ट

निगम ने जो योजना बनाई थी उसके तहत इस मल्टी लेवल सब्जी मार्केट के बेसमेंट में पार्किंग व्यवस्था होनी थी। एक तरह से यह सुपर मार्केट या माल की तरह बनाया जाना था। प्रथम तल पर सब्जी विक्रेताओं के लिए चबूतरे और द्वितीय तल पर थोक सब्जी विक्रेताओं के लिए 66 दुकानें बनाई जानी थीं। दोनों तरफ से सीढ़ी और लिफ्ट की सुविधा भी थी। साथ ही महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग वाशरूम बनना था। पुर्नविकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरें बनाएं जाने जाने थे। जो कि 7 बाई 10 के आकार का रहता। प्रत्येक चबूतरे के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी था। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में 50 कार और 170 बाइकों के लिए पार्किंग बननी थी। आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम की भी योजना थी।

#### नए सिरे से काम किया जाएगा


बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना जगह की कमी के कारण फिलहाल रोक दी गई है। नए सिरे से प्रोजेक्ट पर काम किया जाएगा। योजना के लिए डीएमएफ से कोई फंड नहीं मिला था, सिर्फ स्वीकृति ही थी।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त नगर निगम

---

# जोन के तीन बड़े स्टेशनों के काम दिए जाएंगे निजी हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीन बड़े स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग को एयरपोर्ट की तरह बनाने का काम किया जा रहा है, जहां रेल प्रशासन ने क्लीनिंग से लेकर कैटरिंग, पार्किंग, बुकिंग व अन्य कार्यों को एक ही व्यक्ति की जिम्मेदारी में देने का विचार कर रही है।



- बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन शामिल

बुधवार की दोपहर जोन मुख्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान एसईसीआर के पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि आईएसएफएम एक सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल है, जहां निजी कंपनी सफाई, खानपान और पार्किंग जैसी गैर मुख्य स्टेशन सेवाओं का प्रबंधन करती है। इस प्रणाली का उद्देश्य एक ही निजी आपरेटर को प्रबंधित आधुनिक, हवाई अड्डे जैसी सुविधाओं के माध्यम से यात्री अनुभव और स्टेशन दक्षता में सुधार करना है। एसईसीआर के अंतर्गत आईएसएफएम मॉडल को प्रमुख पुनर्विकसित स्टेशन बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग पर पायलट चरण में शुरु किया जा रहा है। इसके अलावा प्रमुख स्टेशनों पर प्रीमियम सिंगल ब्रांड आउटलेट गैर खानपान का कार्य किया जाएगा। इसमें बिलासपुर के साथ प्रमुख स्टेशन रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, भिलाई पावर हाउस पर प्रीमियम सिंगल ब्रांड रिटेल आउटलेट गैर खानपान स्थापित करने के लिए ईओआई आमंत्रित किए गए हैं, जिसमें यात्रा सहायक उपकरण, परिधान और फैशन, जूते और खेल के कपड़े, छत्तीसगढ़ के स्थानीय प्रीमियम ब्रांड शामिल है। इसकी प्रारंभिक अवधि 5 वर्ष है, जिसे प्रदर्शन के आधार पर 9 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। इससे यात्रियों और स्टेशन उपयोगकर्ताओं के लिए खुदरा मिश्रण समृद्ध होगा। स्थानीय ब्रांडों को बढ़ावा मिलने के साथ किराए और लायसेंसिंग राजस्व में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि सभी अमृत भारत स्टेशन पर अनुमोदित मास्टर प्लान के माध्यम से वाणिज्यिक विकास क्षेत्रों की पहचान की गई है। चिन्हित क्षेत्रों में मल्टी फंक्शनल वाणिज्यिक एमएफसी परिसर होंगे जो यात्री सुविधाएं, खुदरा, आतिथ्य, कार्यालय और मनोरंजन प्रदान करेंगे। प्रमुख स्टेशन बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग पर स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़भाड़ कम करने के लिए स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रवेश करने से पहले, पहुंच मार्गो से सटी खाली रेलवे जमीन पर एक हास्टिंग वे सुविधा स्थापित की जाएगी। वाहन इस वे में सीमित समय के लिए न्यूनतम शुल्क पर रूक सकते हैं। इसके बाद वे यात्रियों को चढ़ाने व उतारने के लिए निर्दिष्ट पिक ड्राप एंड गो जोन में चले जाएंगे।

#### 150 ई कैटरर्स करना है तैयार

उन्होंने बताया कि ई-कैटरिंग पालिसी यात्रियों को अपने सफर के दौरान आफिशियल आईआरसीटीसी प्लेटफार्म और आथराइज्ड वेंडर्स के जरिए आनलाइन भोजन आर्डर करने की सुविधा देती है। जोन में यह सुविधा 14 स्टेशनों पर उपलब्ध है। रेलवे आईआरसीटीसी के साथ मिलकर अपने स्टेशनों पर विशेष रूप से अमृत भारत योजना के तहत आने वाले स्टेशन में आथराइज्ड ई कैटरिंग एग्रीगेटर्स की संख्या बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है, जिसके अनुसार करीब 150 ई कैटरर्स तैयार किया जाना है। ट्रेन के अंदर नॉन कैटरिंग आइटम प्रीमियम ट्रेनों को छोड़कर के लिए वेंडिंग लाइसेंस खास सेक्शन में ई आक्शन के जरिए दिया गया है। रायपुर और नागपुर डिवीजन ने पहले ही यह कांट्रेक्ट दे दिया है, जल्द ही बिलासपुर डिवीजन में भी इसे लागू किया जाएगा।

#### 300 से अधिक को रोजगार

पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि रेलवे में अनारक्षित और आरक्षित बुकिंग का कार्य भी अब आनलाइन पद्धति से शुरु कर दिया गया है। बेरोजगार जो यह कार्य में लगे हैं, उसमें एसटीबीए के कार्य में 18 से 20 हजार रुपए, एटीवीएम में एवरेज 27 से 30 हजार रुपए, वायटीएसके यानि घर में बुकिंग व नार्मल टिकिट की सुविधा के तहत 50 से 58 हजार रुपए मिल जाते हैं। इसके लिए करीब 300 से अधिक बेरोजगारों को रोजगार मिल सकते हैं।

#### 35 साल के लिए जमीन लीज पर

पीसीसीएम प्रवीण पाण्डेय ने बताया कि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में रेलवे की जमीन काफी है, जो खाली पड़ी हुई है। इन खाली जमीनों को रेलवे ने लीज पर देने का निर्णय लिया है। लीज यानि कोई भी बिजनेसमैन व अन्य व्यक्ति कुछ कार्य करना चाहते हैं तो वे रेलवे से संपर्क करने के बाद उक्त स्थान पर स्ट्रक्चर तैयार कर अपनी व्यापार शुरु कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 35 साल के लिए जमीन लीज पर दी जाएगी। 35 साल की समाप्ति के बाद वह स्थान रेलवे के पास वापस हो जाएगा।

---

# मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने आठ महीने से घुमा रहा सचिव, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला की मृत्यु मार्च महीने में होने के बाद पेंड्री के पंचायत सचिव द्वारा परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करना तो दूर आज दिनांक तक इसके लिए पंजीयन तक नहीं किया गया। लगातार मिन्नतें करने के बाद भी प्रमाणपत्र जारी नहीं करने के कारण मृत महिला की बहन ने इस संबंध में रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग को शिकायत प्रस्तुत की है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए सचिव को नोटिस जारी किया है।

- बहन ने लगाई रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु के समक्ष गुहार

तखतपुर ब्लॉक के पेंड्री ग्राम पंचायत निवासी रजनी कौशिक पिता स्व.पतराखन कौशिक की मृत्यु मार्च 2025 को हो गई थी। मृत्यु के बाद संबंधित का पंचनामा प्रमाणपत्र बनाया गया, जिसमें सरपंच एवं सचिव द्वारा भी हस्ताक्षर किया गया है। इसके विपरीत मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पेंड्री सचिव द्वारा आज दिनांक तक पंजीयन तक नहीं किया गया। प्रमाणपत्र के लिए मृतक की बहन सरोजनी कौशिक द्वारा लगातार प्रयास किया गया, लेकिन सचिव के द्वारा साफ तौर पर प्रमाणपत्र बनाने से इंकार कर दिया गया। इस बात की शिकायत परिजनों द्वारा रजिस्ट्रार जन्म एवं मृत्यु विभाग को की गई थी। शिकायत के बाद रजिस्ट्रार द्वारा सचिव को नोटिस जारी कर तत्काल प्रभाव से संबंधित का पंजीयन करने अन्यथा इस संबंध में कलेक्टर को नस्ती प्रस्तुत करने की बात कही गई थी। नोटिस मिलते ही सचिव द्वारा मृतक के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

#### सूचना के पंद्रह दिनों के भीतर होना है जारी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत शासन द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि जनहित के कार्यों को निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना है। इसके अंतर्गत जन्म एंव मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के लिए जारीकर्ता रजिस्ट्रार को जन्म या मृत्यु संबंधी परिजनों से सूचना प्राप्त होने के पंद्रह दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाना है।

#### की गई थी शिकायत

पेंड्री के सचिव द्वारा मृत महिला का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी नहीं करने संबंधी शिकायत परिजनों के द्वारा की गई थी। इस संबंध में संबंधित सचिव को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने के बाद उक्त सचिव द्वारा 12 नवंबर को मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने हेतु पंजीयन कर लिए जाने की जानकारी दी गई है।

-**अतुल कुमार पटेल**, रजिस्ट्रार, जन्म एवं मृत्यु

---

# क्राइम मीटिंग के पहले महिला थाना टीआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने क्राइम मीटिंग के पहले शिकायत के आधार पर महिला थाना टीआई को लाइन अटैच कर दिया है। कार्रवाई से थाना प्रभारियों में हड़कंप मच गया था।

बुधवार की रात 9 बजे एसएसपी रजनेश सिंह के द्वारा जिले के थानेदारों की क्राइम मीटिंग लेने वाले थे। सुबह से राजपत्रित अधिकारी व थानेदार क्राइम मीटिंग की तैयारी कर रहे थे। क्राइम मीटिंग के पहले शाम को एसएसपी सिंह ने शिकायत के आधार पर महिला थाना टीआई लक्ष्मी चौहान को लाइन अटैच कर दिया। एसएसपी की कार्रवाई से जिले थानेदारों में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में थाना स्टाफ के द्वारा टीआई चौहान के खिलाफ लेनदेन करने दबाव बनाने की लिखित शिकायत की गई थी। इसके अलावा महिला संबंधी अपराध में पीड़ितों के द्वारा एफआईआर नहीं लिखने की एसएसपी से शिकायत की जा रही थी। बताया जाता है पिछले साल वर्ष 2024 में महिला थाना में करीब 100 मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। किन्तु वर्ष 2025 में अब तक मात्र 60 मामले मे एफआईआर दर्ज की गई है। एसएसपी श्री सिंह ने कहा महिला थाना टीआई चौहान को लाइन अटैच कर दिया गया है।

---

# अनियंत्रित कोयला लोड ट्रेलर दुकान में घुसा , बाल बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव



बुधवार को एनएच 130 पर कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे दुकान में घुस कर पलट गया। इस घटना के बाद एनएच पर हड़कंप मच गया। इस दुर्घटना में सिर्फ एक बच्चे को मामूली चोट आई। इधर घटना के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कामकाज प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह 9 बजे तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएम 7002 अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक कोयला लोड ट्रेलर लेकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान डांडगांव में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा में ट्रेलर आइसक्रीम और श्रृंगार दुकान के शेड को तोड़ते हुए दुकान में घुस गया और पलट गया। गनीमत रही कि ठण्ड के कारण सुबह सड़क व दुकान पर लोगों की भीड़ नहीं थी जबकि दुकान मालिक भी मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद दुकान व सड़क पर कोयला बिखर गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस हादसे में एक 13 वर्षीय छात्र ट्रेलर की चपेट में आकर छात्र घायल हो गया। प्रेमनगर निवासी छात्र बस से उतारकर अपने हास्टल जा रहा था। दुर्घटना में घायल बच्चे को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के वक्त चालक शराब के नशे में था। इधर इस घटना के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने एनएच पर चक्का जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। लोगों की मांग थी की प्रभावितों को मुआवजा देने के साथ ही सड़क पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए। इस घटना की सूचना मिलने मौके पर थाना प्रभारी शशिर कांत सिंह, आभास मिंज तहसीलदार, विकास जिंदल नायब तहसीलदार आकाश गौतम, विकास सोंनपकर राजस्व निरीक्षक दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाईस देने के साथ ही आदोलन समाप्त कराया। इस दौरान दोपहर 12 बजे तक ट्रेलर को सड़क से हटा कर किनारे किया गया और बड़े वाहनों का संचालन शुरू हो पाया।

#### मौके पर पहुंचे मंत्री

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना का जायजा लेने के साथ ही ग्रामीणों के मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाने सहित नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

---

# ट्रक चालक से मारपीट कर 2 सौ लीटर डीजल ले गए युवक

**अम्बिकापुर।** ट्रक से डीजल चोरी करने आए युवकों ने चालक के साथ न सिर्फ मारपीट किया बल्कि उसके सामने से ही टंकी से 2 सौ लीटर डीजल निकाल कर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने युवकों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार छावनी भिलाई वार्ड क्रमांक 40 निवासी अबोध कुमार सिंह आ. आत्मानंद सिंह 9 नवम्बर को भिलाई स्थित सीमेंट कंपनी से ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 में सीमेंट लोड कराकर अंबिकापुर पहुंचाने निकला था। दूसरे दिन चालक नमना कला रिंग रोड स्थित दुकान में पहुंचा। जहां सीमेंट को खाली कराने के पश्चात रात को प्रोपराइटर के कहने पर ट्रक को दुकान के सामने खड़ा कर वाहन में सो गया। तड़के लगभग 3 बजे तीन युवक पहुंचे और ट्रक के डीजल टंकी में पाइप डालकर डीजल निकालने लगे।

# नशे में बोलेरो चालक ने भाजपा नेता की कार को मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** सड़क किनारे खड़े होकर दोस्त से बातचीत कर रहे भाजपा नेता की कार को नशे में बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, देवनंदन कालोनी अशोकनगर निवासी अमित शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 11 नवंबर की रात 140.30 बजे उनका मित्र भाजपा नेता देवर्षी बाजपेयी अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एपी, 4099 में छोड़ने के लिए घर जा रहा था। कपिल नगर मेन रोड के किनारे गाड़ी खड़ी कर दोनों बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीएन, 7213 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी खड़ी कार को टक्कर मार दी और भाग गया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है। आसपास के लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा तो बोलेरो चालक के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। लोगों ने गाड़ी सहित चालक को पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बोलेरो चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** भारत इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा जिला अस्पताल, राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के उपलक्ष्य में एक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। विद्यार्थियों ने अस्पताल आने वाले लोगों को विभिन्न टीकों, उनके लाभ और बच्चों की सुरक्षा में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में अस्पताल के अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की और लोगों को हर बच्चे का पूरा टीकाकरण स्वस्थ भारत का निर्माण का संदेश दिया।

### एलएलबी की मेरिट सूची घोषित जिले के तीन छात्रों ने बनाया स्थान

**कोरबा।** जिले के छात्रों ने अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की एलएलबी परीक्षा 2024 की प्रोविजनल मेरिट लिस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस मेरिट लिस्ट में एडवोकेट मुस्कान सिंह क्षत्रीय ने 5वां, एडवोकेट सोमेश नारायण सिंह ने 6वां और एडवोकेट पी.योगेश कुमार ने 7वां स्थान प्राप्त किया है। मुस्कान सिंह ने 70.13 प्रतिशत, सोमेश नारायण सिंह ने 70.10 प्रतिशत, और पी. योगेश कुमार ने 69.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पित अध्ययन का परिणाम है। पी. योगेश कुमार ने इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, परिवार और सहयोगियों के मार्गदर्शन और समर्थन को दिया है। उनका उद्देश्य न्याय और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर योगदान देना है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है, जो युवाओं के उज्जवल भविष्य और न्यायिक क्षेत्र में कोरबा की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्वास्थ्य सुविधाओं के...

कि र्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2025 तक जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है उप स्वास्थ्य केंद्र 197 से बढ़कर 285, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 29 से बढ़कर 40, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 3 से बढ़कर 7, शेहरी स्वास्थ्य केंद्र 0 से बढ़कर 30, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 3 और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 1 है।

### गेवरा खदान विस्तार...

पर उनकी ओर से उक्त ग्रामों में ड्रोन सर्व संपन्न कराने की अनुमति प्राप्त हुई है। इस विषय को लेकर एसईसीएल की ओर से महाप्रबंधक खनन और स्टाफ ऑफिसर लैंड रिकॉर्ड गेवरा क्षेत्र के द्वारा पत्र जारी किया गया है। संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच को बताया गया है कि प्रशासन के इस अनुमति व निर्देश के परिपालन में संबंधित ग्रामीण क्षेत्र के मकान और अन्य परिसंपत्तियों का वास्तविक छायांकित चित्रण किसी भी व्यक्ति विशेष के निजता का हनन किए बिना ड्रोन सर्वे किए जाने हेतु 12 नवंबर से 18 नवंबर तक की तिथि सुनिश्चित की गई है। इसके लिए समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत को कहा गया है कि वह प्रशासन के उक्त निर्देशों के संबंध में आवश्यक सहयोग देंगे। इससे पहले हरदीबाजार और अन्य क्षेत्रों में लोगों ने सर्वे की प्रक्रिया का जमकर विरोध किया और कुछ मौका पर अधिकारियों को गांव से चलता कर दिया। उल्लेखनीय है कि जिले के कुसमुंडा, दीपका विस्तार आदि क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने को लेकर दबाव है। इसलिए इन क्षेत्रों में नए कोयला भंडार का सर्वेक्षण करने के साथ जमीन अर्जित करने की प्रक्रिया तेज है। हर खाते पर रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार में प्राथमिकता देने और मुआवजा की बड़ी कीमत को लेकर प्रभावित लोग लगातार दबाव बनाए हुए हैं। यही कारण है कि इन क्षेत्रों में लगातार धरना प्रदर्शन के साथ-साथ उत्पादन संबंधी गतिविधियों को बंद करने के मामले आए दिन आते रहते हैं।

### कलेक्टर के दौरे...

नाश्ता वितरण तथा बेहतर शैक्षणिक माहौल की पुष्टि होने पर उन्होंने प्रधानपाठक और शिक्षकों की प्रशंसा की। कलेक्टर ने विद्यालयों में नाश्ता वितरण, गैस सिलेंडर के उपयोग, विद्यार्थियों और शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा की तथा स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व्यवस्था का अवलोकन किया। ग्राम गढ़ उपरोड़ा में कलेक्टर श्री वसंत ने प्राइमरी, मिडिल और हाईस्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि समय पर कोर्स पूरा करें और 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर परीक्षा फल प्राप्त करें। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें और आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करें। कलेक्टर श्री वसंत ने उपस्वास्थ्य केंद्र गढ़ उपरोड़ा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रसव सुविधा, दवा वितरण, टीकाकरण, हीमोग्लोबिन जांच, मलेरिया किट की उपलब्धता तथा साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित किया जाए और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, कलेक्टर ने डीएमएफ से बन रहे आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गढ़ उपरोड़ा प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक सुधीर बड़ा बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। इस पर कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### अब खेतों में...

तैयार करने के लिए कटाई क्षेत्र का अवलोकन कर रही है। फील्ड निरीक्षण के दौरान खेत के सिंचाई साधन की भी रिपोर्ट तैयार हो रही है।

## सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने तक मिशन अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ बुधवार को भी जारी रही

# 1934 में बना नर्सिंग स्कूल और बच्चों का अस्पताल जमींदोज, जमकर हंगामा, विवाद व धक्का-मुक्की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन हास्पिटल परिसर में तोड़फोड़ पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। साथ ही शासन को एक सप्ताह में स्थिति स्पष्ट करने और एक महीने में प्रक्रिया पूरी करने कहा है। हालांकि इस आदेश की कापी मिलने तक दोपहर 3 बज चुके थे और प्रशासन की टीम का हथौड़ा 90 साल पुरानी दो बिल्डिंगों और 30 से अधिक मकानों पर चल चुका था। 1934 में बनी नर्सिंग स्कूल वाली पीली बिल्डिंग और बच्चों के अस्पताल वाली लाल बिल्डिंग को तोड़ दिया गया। साथ ही प्रशासन की ओर से पूरे भवन और परिसर को भयप्रद और संरक्षित घोषित कर दिया गया है। पूरा परिसर भी सील ही रखा गया है। इस दौरान बुधवार सुबह से लेकर शाम तक जमकर हंगामा मचता रहा।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद मिशन अस्पताल परिसर में मंगलवार से जारी तोड़फोड़ बुधवार सुबह से भी जारी थी। यहां के मुख्य बंगले और निवासरत 32 परिवारों को बेदखल कर उनके आवासों को ढहाने के बाद बुधवार को हॉस्पिटल भवन के पीछे की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाने कार्रवाई की गई, इतने में बाहर खड़े उत्तेजित मिशन परिसर के रहवासियों ने अंदर प्रवेश करने की कोशिश की।

इनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट से स्टे के बाद भी प्रशासन की टीम तोड़फोड़ कर रही है। दूसरी ओर बुधवार को भी ईदगाह चौक से लेकर लखीराम ऑडिटोरियम तक बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अलर्ट पर रहे तो जवानों की भारी तैनाती रही। किसी को भी परिसर के अंदर जाने की इजाजत नहीं थी।



### बार-बार झड़प की स्थिति बनती रही

हाईकोर्ट की ओर से याचिका खारिज किए जाने के बाद निगम प्रशासन ने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था। इसी बीच क्रिश्चियन वीमेंस बोर्ड ऑफ मिशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। बुधवार को जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मामले की सुनवाई की और मिशन बोर्ड को अंतरिम राहत प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि निर्माण और कब्जे को लेकर मौजूदा स्थिति बरकरार रहेगी। साथ ही आदेश की कॉपी फौरन बिलासपुर कलेक्टर को भेजने का निर्देश दिए। इसे लेकर बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग मौके पर पहुंचे और दिन भर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था, लेकिन लोगों और पुलिस के बीच बार-बार झड़प की स्थिति बनती रही। इधर रहवासी सपना मसीह, अरशग हुशैन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में स्टे के लिए याचिका लगाई थी। 12 बजे मौखिक रूप से आदेश आ चुका था, लेकिन कॉपी आने में टाइम लग गया। प्रशासन से अनुरोध भी किया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### दीवार फांदकर घुसे लोगों को बाहर निकाला

इधर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की जानकारी के बाद मिशन अस्पताल परिसर में रह रहे लोगों ने अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। पुलिस, निगम और प्रशासन की टीम ने इन्हें रोक दिया। इस दौरान जमकर हंगामा, विवाद और धक्का मुक्की हुई। महिलाओं और युवतियों ने प्रशासन पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश की अवहेलना की भी बात कही। भारी विरोध के बीच तीन युवतियां और कुछ युवक दीवार फांदकर परिसर के अंदर घुस गए। तनाव बढ़ा तो सीएसपी निमितेश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद निगम कमिश्नर, एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। सभी को बाहर निकाला गया जिसके चलते मिशन हास्पिटल परिसर के बाहर देर शाम तक तनाव की स्थिति बनी रही।

### रोक दी गई कार्रवाई

हाईकोर्ट का आदेश प्रशासन के पक्ष में आया था। इसके बाद ही घरों को खाली कराते हुए तोड़फोड़ की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिलने की जानकारी के बाद मिशन अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

- **अमित कुमार** निगम कमिश्नर

## कांग्रेस की निगरानी समिति एसआईआर प्रक्रिया की करेगी निगरानीः जयसिंह



कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। इस एसआईआर को लेकर कांग्रेस ने राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया है जो प्रदेश में पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेगी।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री एवं एसआईआर कार्य के कांग्रेस लोकसभा कोरबा के प्रभारी जयसिंह अग्रवाल ने जिला कांग्रेस कार्यालय टीपी नगर में आयोजित बीएलए की बैठक को संबोधित करते हुए कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश भर में एसआईआर प्रक्रिया की निगरानी के लिए कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसी प्रकार कोरबा लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभावार कंट्रोल रूम स्थापित किया जावेगा, जो सजगता से मॉनिटरिंग करेगी साथ में कांग्रेस के बीएलए इस बात की निगरानी करेंगे कि पात्र भी मतदाता का नाम दुर्भावनापूर्वक ढंग से नहीं काटा जाए। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता होनी चाहिए। निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करें कि मतदाता का नाम सूची में आसानी से शामिल हो पाए। बीएलओ घर-घर जाकर पात्र एवं अपात्र मतदाताओं के नामों की सत्यापन करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि एसआईआर का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा, जिसे प्रदेश कांग्रेस की निगरानी समिति की बैठक में इस बढ़ाकर तीन माह का समय किये जाने राज्य निर्वाचन आयोग से मांग रखने का प्रस्ताव रखा गया है। श्री अग्रवाल ने जिला निर्वाचन आयोग से मांग करते हुए कहा कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत गणना पत्रक वितरित कराने सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित हो कि बीएलओ अपने अपने बूथों के सभी घरों में जाकर गणना प्रपत्र भरवाने में मदद करें। बैठक को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र जायसवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व पार्षद मनक राम साहू एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में सुरेश सहगल, मनोज चैहान, प्रदेश सचिव विकास सिंह, बीएन सिंह, प्रदेश संयुक्त महामंत्री हरीश परसाई, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व अध्यक्ष सपना चैहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, एफडी मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का सीमावर्ती क्षेत्र में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल सिंह के सीमावर्ती क्षेत्र दौरे के दौरान उनके आगमन पर युवा नेता बद्री अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक ढंग से फूलमालाओं और नारों के साथ स्वागत किया। जगह-जगह स्वागत द्वार लगाए गए और क्षेत्रभर में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। राहुल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा पर टिका है। उन्होंने कहा, संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता हैं, जो गांव-गांव और बूथ स्तर तक पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजयुमो आने वाले दिनों में प्रदेश के हर कोने में युवाओं को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। बद्री अग्रवाल ने कहा कि राहुल सिंह जैसे ऊर्जावान नेतृत्व के आगमन से कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह पैदा हुआ है।

## कांग्रेस 14, 16 व 17 को करेगी घेराव

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि बिलासपुर रेलवे को सबसे ज्यादा आय देने वाला है और काफी संघर्ष के बाद रेलवे जोन बना है। बिलासपुर में जो रेल दुर्घटना हुई है उसे लेकर कांग्रेस 14 नवंबर को रेलवे जीएम का घेराव करेगी। इसी तरह 16 नवंबर को सड़क के मुद्दे पर घेराव किया जाएगा, क्योंकि स्मार्ट सिटी से 70 करोड़ की लागत से बिना जरूरत के बिलासा ताल के सामने नदी में सड़क में बनाया गया है। इसके अलावा 17 नवंबर को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का घेराव एक छात्र की संदिग्ध मौत मामला को लेकर किया जाएगा। यह आंदोलन एनएसयूआई के बैनर तले होगा, जिसमें कांग्रेस पार्टी शामिल होंगी।

## मस्तूरी गोलीकांड : जेल में बंद नाबालिग सहित तीन आरोपी 2 दिन की पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी गोलीकांड में बाल सम्प्रेक्षण गृह व जेल में बंद नाबालिग सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने 2 दिन की रिमांड में लिया है। इन सभी से गोली कांड के संबंध में पूछताछ जा रही है। आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि फरार गुण्डा बदमाश ने उन्हें जब्त हथियार व जिंदा कारतूस उपलब्ध कराया था।

- **फरार गुण्डा बदमाश ने आरोपियों को उपलब्ध कराया था हथियार**

मस्तूरी गोलीकांड की जांच लगातार जारी है। 12 नवंबर को मस्तूरी पुलिस ने जेल में बंद आरोपी वाम्बे आवास निवासी मो. मतीन उर्फ मोंटू, आरजू उर्फ बायनजीत अनंत व बाल सम्प्रेक्षण गृह में बंद नाबालिग को दो दिन की पुलिस रिमांड लिया है। उनसे जब्त हथियार व जिंदा कारतूस के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है पूर्व में पकड़े जाने पर आरोपियों ने पुलिस को बयान दिया है कि मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष किरारी निवासी नितेश सिंह की हत्या करने के लिए तोरवा क्षेत्र के गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय, कांग्रेस नेता दर्रीघाट निवासी तारकेश्वर पाटले, कांग्रेस नेता अकबर खान ने योजना बनाई थी। नागेन्द्र राय के द्वारा आरोपियों को जब्त हथियार व जिंदा कारतूस जब्त कराया गया था।




हरिभूमि में 29 अक्टूबर को प्रकाशित

### शूटरों को दी गई थी सुपारी

सूत्रों के मुताबिक, षड़यंत्रकारियों के द्वारा नितेश सिंह की हत्या करने के लिए पेशेवर शूटरों को सुपारी दी गई थी। शूटरों के आने में लेटलतीफी होने पर आनन फानन में गिरफ्तार आरोपियों ने नशे में नितेश सिंह एवं उसके रिश्तेदार व सहयोगियों पर फायरिंग कर दी थी। इधर 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस फरार आरोपी नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटले को नहीं पकड़ पाई है।

**क्या था मामला :** 28 अक्टूबर की शाम 6 बजे मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड चौक नहर के सामने आफिस के बाहर किरारी निवासी जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह, तुकेश सिंह, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, तमेश सिंह, बबला सिंह सहित अन्य बैठे थे। दो बाइक में आए नकाबपोशों ने 14 से 15 राउंड फायरिंग कर दिया था। गोली लगने से चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह घायल हो गए थे। नितेश सिंह ने लाइसेंसी हथियार से जवाबी फायरिंग की तो हमलावर भाग गए थे।

### रिमांड में लिया

गोलीकांड के बाल सम्प्रेक्षण गृह से नाबालिग व जेल में बंद दो आरोपियों को 2 दिन के पुलिस रिमांड में लिया गया है। गोलीकांड के संबंध में तीनों से पूछताछ की जा रही है।

- **हरीशचंद्र टाण्डेकर** मस्तूरी टीआई

## गेवरा क्षेत्र में डिजिटल जीवन प्रमाण अभियान शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा व दीपका क्षेत्र सीडब्लूएस गेवरा एवं सीएमपीएफ कार्यालय के तत्वाधान में गेवरा क्षेत्र में दो दिवसीय डिजिटल जीवन प्रमाण अभियान 4.0 के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि महाप्रबंधक संचालन गेवरा क्षेत्र एनके साहू ने किया। इस अवसर पर मंचस्थ महाप्रबंधक एचआर अजय बेहरा ने अपने स्वागत भाषण में सभी पेंशनर्स का स्वागत किया। दो दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर कोई पेंशनर्स कार्यालय तक आने में असमर्थ है तो ऐसे पेंशनर्स के लिए उनके निवास स्थल में भी डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु कार्यवाही की जाएगी। महाप्रबंधक संचालन श्री साहू ने अपने अभिभाषण में पेंशनर्स को कहा कि अब बिना बैंक जाए भी पेंशनर्स अपना जीवन प्रमाण पत्र मोबाइल के माध्यम से सहजता से जमा कर सकते है और पेंशन जारी रख सकेंगे। महाप्रबंधक संचालन ने आग्रह किया कि इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करें और दूसरे पेंशनर्स को भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में परस्पर सहयोग प्रदान करें। इस दौरान तीनों क्षेत्रों के पेंशनर्स को गुलाब दे कर स्वागत किया गया एवं उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सलाहकार समिति, कल्याण समिति, सिस्टा, ओबीसी एसोसिएशन, काउंसिल के सदस्य, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जेडी ने डीईओ को जारी किया नोटिस

**बिलासपुर।** राज्य शासन को गलत जानकारी देने के मामले में संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विजय टांडे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डीईओ को जारी नोटिस में लिखा है कि 10 नवंबर को संयुक्त संचालक कार्यालय में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक शत प्रतिशत वितरण की जानकारी एवं कोई भी विद्यार्थी निःशुल्क पाठ्यपुस्तक से वंचित नही है का प्रमाण पत्र दिया गया है। इसके बाद भी लेकिन उसी दिन शाम 4 बजे संचालनालय द्वारा आयोजित वीसी में अतिरिक्त पाठ्यपुस्तक की मांग की गई। इस तरह दोनों जानकारियों में विरोधाभास है। जिसके कारण संभाग की छवि राज्य स्तर में धूमिल हुई है। स्पष्टीकरण का जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## सीसी रोड में गड़बड़ी की शिकायत विधायक ने दिये जांच के निर्देश

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 27 में सीसी रोड निर्माण में गड़बड़ियों की शिकायत आने पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद ने जांच के आदेश दिये हैं। गेवरा बस्ती कोटवर मोहला वार्ड 27 इंद्रजीत बिजवार के मोहल्ले में द्वारा रोड निर्माण में गड़बड़ियां की जा रही है। रोड निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा नियमों को अनदेखा कर अपने मन मुताबिक काम करा रहे हैं। जिससे सड़क दो-तीन माह के भीतर में दम तोड़ देगी, जिस पर मोहल्ले वासियों का कहना है ठेकेदार के सुपरवाइजर को सही से नहीं निर्माण करने की शिकायत करने पर भी मोहल्ले वासियों की बातों को अनदेखा कर दिया जब इसकी शिकायत होने के बावजूद क्षेत्र के जन प्रतिनिधि ने इस पर संज्ञा नहीं लेना पर, ठेकेदार ने कई मीटर तक रोड बना दिया, जो की आने वाले कुछ ही दिन यह महीने रोड टिक पाएगी। इस पूरे मामले में विधायक प्रेमचंद पटेल ने जांच के आदेश के लिये फोन पर इंजीनियर से की जवाब तलब विधायक द्वारा तत्काल जांच रिपोर्ट की मांग की गई



आपको बता दें एक दिन पूर्व गलत रोड निर्माण का खबर का प्रकाशन किया गया था, जिसमें दर्शाया गया था कि गेवरा वस्ती वार्ड 27 में सीसी रोड निर्माण जो कोटवार मोहल्ले में किया जा रहा है वह पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण किया जा रहा था, जिसका प्रकाशन के बाद विधायक प्रेमचंद पटेल ने संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं।

## बच्चों से अत्यधिक अपेक्षा नुकसानदेह : श्रीवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर में अभिभावकों की वृहद बैठक सह अभिभावक संगोष्ठी संपन्न हुई गौरतलब हो कि सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर विकासखंड करतला जिला के विद्यालय में अध्ययनरत बच्चो के अभिभावकों की वृहद बैठक सह अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई। विद्यालय के संयोजक ईश्वर श्रीवास ने बैठक में उपस्थित अभिभावकों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अपने विचार व्यक्त करते कहा कि अभिभावक आजकल भौतिक वादी युग में जीते हुए चार पांच साल के बच्चों से अत्यधिक अपेक्षा करके उनको आवश्यकता से अधिक बोझिल बना रहे उन्होंने बताया कि विद्यार्थी के ग्राह्य क्षमता को पहले पहचान कर उनके अंदर योग्यता विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। सबसे पहले उनके अंदर अनुशासन समय पालन और ज्ञान चरित्र संस्कार के आधारभूत गुणों को पहले विकसित करने में विद्यालय परिवार का सहयोग करें विद्यार्थी स्वतः ही अपने मुकाम की ओर अग्रसर हो।

## स्वस्थ जीवनशैली की प्रेरणा के साथ खेल भावना का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वस्थ जीवनशैली और कार्य के बीच संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) में 9 से 12 नवम्बर तक 11वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता एनकेएच ओलंपिक्स 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया।

अस्पताल के विभिन्न विभागों के शाखाओं कोरबा, जमनीपाली, चांपा, कटघोरा, बालको, एनकेएच मेडजोन तथा एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर (एडीसी) के स्टाफ ने खेल भावना और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया।



आयोजन के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर, अंताक्षरी, टंग ऑफ वॉर, डिबेट और पुशअप जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। बुधवार को स भी प्रतियोगिताओं के फाइनल राउंड खेले गए। महिला क्रिकेट में एनकेएच कोरबा और पुरुष क्रिकेट में एनकेएच चाम्पा की टीम विजयी रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कौशलेंद्र, शतरंज में योगेश, पुशअप (महिला वर्ग) में रामेश्वरी शर्मा और (पुरुष वर्ग) में रितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकसी में पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में एनकेएच कोरबा टीम ने बाजी मारी, जबकि खो-खो में महिला वर्ग में एनकेएच जीवन आशा और पुरुष वर्ग में एनकेएच चाम्पा ने जीत हासिल की। कैरम में एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर कोरबा तथा कबड्डी में भी एनकेएच चाम्पा विजेता रही। एनकेएच के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी और डॉ. वंदना चंदानी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है, और यही सोच इस आयोजन की प्रेरणा है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा के प्राचार्य जीपी लहरे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी उत्तम सिंह मरावी द्वारा छात्र-छात्राओं को जनजाति संस्कृति एवं इतिहास से संबंधित चलचित्र दिखाया गया, जनजातीय संस्कृति पर आधारित चित्रकला का आयोजन किया गया, जनजाति कला एवं संस्कृति में प्रचलित कहानी का वाचन किया गया, जनजाति संस्कृति पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया, जनजाति संस्कृति पर क्विज कंपटीशन आयोजित की गई तथा जनजाति संस्कृति से संबंधित बड़ा देव के देव स्थल का विद्यार्थियों को भ्रमण कर उसकी महत्ता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जनजाति पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के व्याख्याता पीपी अंचल, पी खांडे, नारेंद्र कुमार पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, नीलिमा सोनी, ममता माण्डले, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, निर्मला शर्मा, अनीता मानिकपुरी, राजेंद्र कैवर्त्य,वंदना लहरे एवं शीलू ध्रुव का योगदान रहा।

### डॉ.राजेश को फिजियो आइकन प्रशंसा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**कोरबा।** प्रदेश के फिजियोथेरेपी जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में डॉ.राजेश कुमार साहू को रायपुर के शहीद स्मारक सभागार में आयोजित द्वितीय सीजी फिजियोकॉन 2025 में प्रतिष्ठित फिजियो आइकन प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। देश को सशक्त बनाने के लिए फिजियो का सशक्तीकरण विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (आईएपी), राज्य शाखा द्वारा किया गया था, जिसमें फिजियोथेरेपी में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व का जश्न मनाया गया। पुरस्कार समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। डॉ.संजीव के झा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियो थेरेपिस्ट्स और निदेशक, आईटीएसए हॉस्पिटल ने सामूहिक रूप से डॉ.साहू को फिजियोथेरेपी शिक्षा, नैदानिक उत्कृष्टता और अनुसंधान में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मेलन की वैज्ञानिक समिति के सदस्य, डॉ.राजेश कुमार साहू को फिजियोथेरेपी शिक्षा और नैदानिक अभ्यास को आगे बढ़ाने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ.राजेश कुमार साहू एक उच्च योग्य और निपुण फिजियोथेरेपिस्ट हैं, जिन्होंने फिजियोथेरेपी में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है।

### महाप्रबंधक के गेट में ताला लगाने वालों पर जुर्म दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा के सुरक्षा प्रभारी संजय कुमार दुबे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 7 नवंबर को महाप्रबंधक कुसमुण्डा क्षेत्र के मुख्य गेट को सुबह 7 बजे से बाता गांव के ग्रामीणों द्वारा मुख्य द्वार के गेट पर ताला बंद कर दिया गया था। जिससे कार्यालय के भीतर आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आदर्श बघेल, शुभम कुमार, विनय कुमार, कृष्ण कुमार गांधी सहित अन्य लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कॉलोनी प्रगतिनगर के मकान नंबर एमक्यू 834 में निवासरत सेवानिवृत्त कमल सिंह ध्रुव के 32 वर्षीय फणीभूषण ध्रुव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। युवक ने किन कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुर कर दी है।

## कल से शुरू होगी सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी

# सहकारिता निरीक्षक, कृषि अधिकारी संभालेंगे धान खरीदी का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

15 तारीख से शुरु होने वाली धान खरीदी के लिए राज्य शासन ने समिति कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने की स्थिति में नई व्यवस्था बनाई है। इसके तहत सहकारिता निरीक्षक और सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों को धान खरीदी का जिम्मा सौंपा गया है जो समिति प्रबंधक और फड़ प्रभारी का काम देखेंगे। साथ ही राजस्व अधिकारियों को भी इस कार्य में लगा दिया गया है।

राज्य शासन द्वारा बनाई गई इस नई व्यवस्था के तहत सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर धान खरीदी के लिए सहकारिता निरीक्षक कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व अधिकारी तथा खाद निरीक्षकों को सभी खरीदी केंद्रों में पहुंचकर 15 नवंबर से खरीदी का काम संभालने का निर्देश दिया गया है। ये अधिकारी समितियों के प्रबंधक के साथ फड़ प्रभारी का काम संभालेंगे। कुछ समितियों में बुधवार को ही विभागीय अधिकारियों के दल ने समितियों में पहुंचकर खरीदी को लेकर पूर्व में की गई व्यवस्था का अवलोकन किया और उपलब्ध संसाधनों के विषय की जानकारी लेते हुए रिपोर्ट तैयार की है। कई समितियां ऐसी है जहां कार्यालयों के नाम पर केवल प्लास्टिक तिरपाल और सुतली की खरीदी हुई है। अन्य आवश्यक सामग्रियों का अभी भी अभाव नजर आ रहा है। स्थिति अभी तक गंभीर है।

**खास बात**

- समिति कर्मचारियों के हड़ताल से नहीं लौटने पर लागू की गई नई व्यवस्था



फाइल फोटो

**कर्मचारी की व्यवस्था करना मुश्किल**

धान खरीदी के लिए समिति में पहुंचने वाले अधिकारियों के सामने हमाल और चौकीदार जैसे छोटे कर्मचारियों की व्यवस्था करना चुनौती बनी हुई है। बुधवार को समितियों में पहुंचे विभागीय अधिकारियों के द्वारा हमाल और चौकीदार स्तर के कर्मचारियों के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की तो अभी तक कोई काम करने को तैयार नहीं हुआ है।

**कुदमुरा समिति में बनेगा गोदाम**



जिले की सबसे पुरानी समितियों में शामिल कुदमुरा सहकारी समिति में गोदाम निर्माण की प्रक्रिया शुरु हो गई है। जिला प्रशासन ने 15 सहकारी समितियों में नए गोदाम निर्माण के लिए खनिज न्यास मद से बड़ी राशि जारी की है उसके तहत कुदमुरा समिति में गोदाम निर्माण के लिए 19 लाख 57 हजार रुपए की राशि जारी की गई है। उक्त राशि से गोदाम का निर्माण कार्य शुरु करने के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच रचना महेश राठिया, उप सरपंच मोंगरा यादव, राम पटेल, दुर्गा राठिया, पंच चूड़ामणी श्रीवास व फड़ प्रभारी माखन राठिया उपस्थित थे। गोदाम निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

## एचटीपीएस ने युवाओं को दिलाया पांच दिवसीय कौशल विकास का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम की ओर से नई परियोजना 2 गुणा 660 मेगावाट विद्युत संयंत्र से प्रभावित 11 गांवों के युवाओं के लिए केंद्रीय पेट्रो रसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) की मदद से पांच दिवसीय रोजगारमूलक कार्यों का कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी औद्योगिक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में प्रभावित ग्राम लोतलोता, स्याहीमुड़ी, चुईया, जमनीपाली, झाबू, पंडरीपानी, नवागांव-कला, डिंडोलभाठा, बिरवट, डोडकधरी और चिरहुट में छग. स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी सीईआर के कार्यों को विस्तारित करेगी।

कौशल विकास के प्रशिक्षण का समापन समारोह में मुख्य अतिथि एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (तकनीकी एवं सहायक सेवाएं) एमके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि परियोजना प्रबंधक सुधीर पंड्या शामिल हुए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सिपेट कोरबा के प्रबंधक (तकनीकी) राजीव कुमार लिल्हारे ने अतिथियों का परिचय देते हुए सिपेट द्वारा प्रायोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। समारोह में प्रशिक्षणार्थी 20-20 युवाओं को मुख्य अतिथि श्री एमके गुप्ता के हाथों प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले तीन दिन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक रोजगार मूलक कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में 3 से 4 नवंबर तक आईटीआई के सभी ट्रेड के बारे में जानकारियां दी गईं एवं उनकी करियर काउंसिलिंग की गई।

# सम्पत्तिकरदाताओं को 200 तो गैर सम्पत्तिकर दाताओं को 60 रूपये देना होगा जल कर




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र के आमनागरिकों को जल कर में बड़ी राहत मिलने जा रही है, निगम अब सम्पत्ति करदाता घरेलू नल कनेक्शनधारियों से प्रतिमाह 200 रूपये एवं गैर सम्पत्तिकरदाताओं से प्रतिमाह 60 रूपये की राशि जलकर के रूप में लेगी। महापौर एवं निगम आयुक्त की पहल पर निगम की मेयर इन काउंसिल ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर उक्ताशय का निर्णय लिया है। निगम के इस कदम से एक ओर जहां आमनागरिकों को जलकर से राहत मिलेगी, तो वहीं दूसरी ओर निगम की जलकर की वसूली पटरी पर आ सकेगी, समय पर वसूली होगी एवं निगम के राजस्व में वृद्धि होगी। नगर निगम द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत सभी 7 जोन में स्थित वार्ड, बस्तियों, मोहल्लों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों में नल कनेक्शन प्रदान कर पाईप लाईन के माध्यम से प्रतिदिन दो बार शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसके लिए निगम द्वारा पानी का उपचारित करने के लिए कोहड़िया में 79.81 एमएलडी क्षमता के 4 जल उपचार संयंत्र संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में 2 नग एमबीआर व 27 नग उच्च जलागार सहित कुल 29 ओव्हरहैड टैंक स्थापित कर एवं विभिन्न ब्यास के 792 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाकर जल आपूर्ति का सिस्टम संचालित किया जा रहा है।

**खास बात**

- आमजनता की सुविधा के लिए मेयर इन काउंसिल ने लिया निर्णय

**व्यवसायिक नल कनेक्शन के लिए 800 रूपये जल कर**

नगर निगम द्वारा व्यवसायिक कार्यों के लिए लगभग 95 नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, इन नल कनेक्शनों से नियमानुसार 800 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली होगी। वहीं आवासीय सह व्यवसायिक नल कनेक्शनों से 350 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली की जाएगी। इसी प्रकार जिन स्थानों में पानी की वल्क सप्लाई के लिए नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। उन स्थानों में मीटर की रीडिंग के आधार पर बिल जनरेट होगा तथा तदानुसार बिल की राशि वसूल की जाएगी।

**निगम क्षेत्र में हैं 53021 नल कनेक्शन**

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत समस्त वार्डो में कुल 53 हजार 21 घरेलू नल कनेक्शन लगाए गए हैं, जिनमें से सम्पत्तिकर दाता नल कनेक्शनधारियों की संख्या 47 हजार 832 एवं गैर सम्पत्तिकर दाता कनेक्शनधारियों की संख्या 5 हजार 189 है। इस प्रकार 47 हजार 832 घरेलू नल कनेक्शनों से प्रतिमाह 200 रूपये एवं 5 हजार 189 घरेलू नल कनेक्शनों से प्रतिमाह केवल 60 रूपये का जलकर निगम प्राप्त करेगा।

## एक माह से ग्रामीण क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों तक नहीं पहुंचा पौष्टिक आहार दलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों को मिलने वाला पौष्टिक आहार दलिया ग्रामीण अंचल के केंद्रों में एक माह से नहीं पहुंच रहा है। शहरी क्षेत्रों में भी एक माह तक इसकी सप्लाई बंद रहने के बाद नवंबर महीने से इसकी सप्लाई शुरु हुई वहीं दूसरी ओर समूह से अनुबंध के बाद भी रेडी टू इट का कार्य किसी भी परियोजना से शुरु नहीं हो सका है और कब तक यह शुरु हो सकेगा इस पर भी अभी अनिश्चितता बनी हुई है।

रेडी टू इट की सप्लाई व्यवस्था के लिए जब से नए अनुबंध की प्रक्रिया शुरु हुई है तब से पुरानी प्रक्रिया के तहत आंगनबाड़ी के बच्चों को मिलने वाले पौष्टिक आहार दलिया की सप्लाई में बार बार बाधा खड़ी हो रही है इससे समय समय पर बच्चों को पौष्टिक आहार नहीं मिल पाता है। ग्रामीण परियोजना के केंद्रों में तो इसकी सप्लाई अभी भी नियमित नहीं हो सकी है वहीं शहरी परियोजना के अंतर्गत आने वाले केंद्रों में दलिया की सप्लाई विभाग के द्वारा दबाव बनाए जाने के बाद अब जाकर शुरु हुई है। बच्चों को पौष्टिक आहार ना मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभाग तक अपनी बातें पहुंचाई थी। विभागीय सूत्रों की मानें तो जब से रेडी टू इट नई व्यवस्था के तहत संचालित होने की जानकारी सामने आयी है तब से पुराने सप्लायर सप्लाई के कार्यों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। वहीं विभाग के परियोजना अधिकारी केंद्रों के निरीक्षण की बजाए विभागीय कार्यों में उलझी रहती है।



फाइल फोटो

**खास बात**

- शहरी क्षेत्र में भी एक माह बंद रहने के बाद अब शुरु हुई सप्लाई

**10 समूह से अनुबंध, एक ने भी नहीं शुरु किया काम**

महिला बाल विकास विभाग ने शासन द्वारा लागू की गई नई व्यवस्था रेडी टू इट कार्यक्रम को शुरु करने के लिए 10 समूहों से सभी 2602 आंगनबाड़ी केंद्रों में पौष्टिक आहार पहुंचाने के लिए अनुबंध किया था। इन महिला स्व सहायता समूहों को जिले के सभी 10 परियोजना में काम सौंपा गया है किंतु किसी ने भी अब तक अपने परियोजना क्षेत्र अंतर्गत उत्पादन शुरु नहीं किया है। जबकि जुलाई माह में उनसे अनुबंध हो चुका है।

## निगम जल अपव्यय को रोकने करेगा मिशन वरूण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम द्वारा जल कर की वसूली करने के साथ-साथ जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं जल का अपव्यय रोकने के लिए मिशन वरूण का संचालन किया जाएगा।

महापौर 14 नवम्बर को मिशन वरूण का शुभारंभ करेंगी। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने मिशन वरूण के सफल संचालन के लिए निगम के सभी 67 वार्डों के लिए 67 टीमें गठित कर मिशन की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन के निर्देश टीमों को दिए हैं। जल ही जीवन है तथा जल की एक-एक बूंद कीमती है कहते हैं कि अगला विश्वयुद्ध कहीं जल को लेकर ही न हो, बस इसी अवधारणा से जल की महत्ता व उसकी कीमत का अनुमान लगाया जा सकता है। फिलहाल शहर में जल की उपलब्धता बनी हुई है, इसलिए हम जल की कीमत को कमतर आँक रहे है, किन्तु जल की कीमत क्या है, यह उनसे पूछा जाए जो पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं, एक-एक घडे. पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। तब हमें सही अर्थो में ज्ञात होगा कि जल कितना कीमती है। यदि हम आज नहीं चेते और पानी की बर्बादी को नहीं रोका तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमें भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ेगा।

## स्वास्थ्य शिविर हुआ आयोजन नशा मुक्ति का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुष विभाग जिला कोरबा एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय सीतामणी में रक्त परीक्षण एवं आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आयुर्वेदिक औषधियाँ वितरित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसके बाद चिकित्सा परीक्षण कार्य प्रारंभ हुआ। शिविर के दौरान नशा मुक्ति अभियान भी संचालित किया गया तथा विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शिविर के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नशा से दूर रहने और आयुर्वेद के महत्व को समझने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. उदय शर्मा (जिला आयुष अधिकारी), डॉ. सपना मिश्रा, डॉ. रवि कुमार राय, डॉ. अमित, बी.सी. मिश्रा उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद शहर के रेलवे स्टेशन मॉल में बीडीएस की टीम ने की पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की राजधानी दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट के बाद देशभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी कड़ी में जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है, पुलिस की अलग-अलग टीम शहर और आउटर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मॉल, होटल में बीडीएस की टीम के साथ जांच अभियान शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय की तीन दिनों पूर्व देश की राजधानी दिल्ली में कार में बम धमाका हुआ था जिससे कई लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद सभी सुरक्षा एजेंसी अलर्ट मोड में आ गई है। इसी कड़ी में जिला पुलिस भी हाई अलर्ट मोड में है बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मंगलवार की रात पुलिस की अलग-अलग टीम शहर के कोरबा रेलवे स्टेशन पहुंची जहां डॉग एस्कॉर्ट, बीडीएस टीम के साथ ट्रेन व आने जाने वाले यात्रियों के सामानों की भी चेकिंग की गई। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड में आने जाने वाले दीगर राज्यों के बसों की जांच पड़ताल की गई। इसके अलावा शहर के टीपी नगर क्षेत्र स्थित शहर के पाम मॉल में भी टीम पहुंची थी। डॉग स्क्वायड और बीडीएस की टीम के साथ पूरे मॉल की जांच पड़ताल की। इसके अलावा शहर के अलग-अलग होटल में टीम पहुंची थी। बाहर राज्यों से आने वाले लोगों के सारे दस्तावेजों को भी खंगाला गया। होटल में आने जाने वाले संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और हर आने जाने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।



